दैनिक
न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, मंगलवार 8 जनवरी 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिंदल फैक्टरी से फेरोवेनेडियम चोरी कर मोटर सायकल से भाग रहे दो व्यक्ति पकड़ाये

रायगढ़। 5 जनवरी की दोपहर लगभग 03/30 बजे जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड पतरापाली में कार्यरत सिक्युरिटी विभाग के तारकेश्वर राय ने दो व्यक्तियों को मोटर सायकल क्र. सीजी 13 A 4721 के साथ स्टोर एवं PGP प्लांट के बीच रोड पर संदेह के आधार पर रोककर चेक किये, जिस पर मोटर सायकल की डिक्की सीट के नीचे एवं पीछे बैठे व्यक्ति के पास थैले में फेरोवेनेडियम मिला। मोटर सायकल को पाल जीवन चला रहा था एवं कुश कुमार साहू पीछे बैठा था। उनके पास मिले फेरोवेनेडियम की मात्रा लगभग 34 ग्राम है जिसकी कीमत लगभग 105000 रू. है। घटना के संबंध में कम्पनी सहायक महा प्रबंधक दिलीप कुमार झा के रिपोर्ट पर आरोपीगण (1) कुश कुमार साहू पिता राधेश्याम साहू उम्र 42 वर्ष निवासी किरोडीमलनगर (2) पाल जीवन वर्मा पिता जग्रनाथ वर्मा उम्र 42 वर्ष निवासी भगवानपुर विरूद्ध अप.क्र. 07/19 धारा 379,34 ता.हि. पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### मोटर सायकल में शराब परिवहन कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार, 25 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब व मोटर सायकल जब्त


रायगढ़। 5 जनवरी को थाना सारंगढ़ स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर मोटर सायकल से अवैध हाथ भट्ठी से बना कच्ची महुआ शराब परिवहन करते आरोपी रामकुमार यादव पिता फागूलाल यादव उम्र 33 वर्ष साकिन अमलीपाली थाना सारंगढ़ को ग्राम केडार कच्ची रास्ता बांध के पास पकड़े। आरोपी से कुल 25 लिटर महुआ शराब व शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल प्लेटिना सोल्ड काला सिल्वर रंग का जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 13/19 धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### ट्रेक पर मिली महिला की लाश, पीएम में हुआ मौत का खुलासा

रायगढ़। 30 दिसम्बर को थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत बाल समुन्द मोहल्ला में रेल लाईन किनारे मिले महिला के शव के संबंध में की जा रही मर्ग जांच दौरान शव के पीएम रिपोर्ट व जांच पर मृतिका शुकवारा सिदार (50 साल) की किसी अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर शव को रेल्वे लाईन के पास फेंकना पाये जाने पर 5 जनवरी को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 09/19 धारा 302, 201 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जानकारी के मुताबिक मृतिका की लड़की कु. सरस्वती सिदार पिता स्व. आनन्द कुमार सिदार उम्र 21 वर्ष निवासी बिनोबानगर बोईरदादर द्वारा 31 दिसम्बर को थाना चक्रधरनगर में मर्ग इंटिमेशन दर्ज करायी कि इसकी मां शुकवारा सिदार 30 दिसम्बर की शाम को करीब 6 बजे घर से शराब पीने जाने के नाम से निकली थी जो रात को वापस नहीं आई, दूसरे दिन सुबह पता चला कि मां का शव बाल समुन्द मोहल्ला में रेल लाईन किनारे पड़ा है, रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 91/18 जाफौ पंजीबद्ध कर जांच पंचायतनामा कार्यवाही, पी.एम. कराया गया। पी.एम. रिपोर्ट पर मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक पाये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# मेकाहारा में स्थाई रेडियोलजिस्ट नही मरीज निजी लैब में मोटी रकम खर्च करने मजबूर

रायगढ़। मेडिकल कालेज के अधीन संचालित होने वाली जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन है फिर भी लोगो को निजी लैब जाने की मजबूरी हो गई है जिसका मुख्य कारण मेकाहारा में स्थाई तौर पर रेडियोलजिस्ट नही है । व्यवस्था बनाये जाने के लिए मेकाहारा प्रबंधन तत्कालीन तौर पर निजी दो डाक्टर को सोनोग्राफी के लिए लगाया है। परंतु डाक्टर द्वारा एक दिन में महज 25- 30 मरीजो के सोनोग्राफी परीक्षण के लिए ही उपस्थित रहते है। इससे अधिक ना ही मेकाहारा प्रबंधन पर्ची काटता है और ना ही डाक्टर जांच करते है, जबकि रोजना 60 से 70 मरीजों को सोनोग्राफी के लिए डाक्टर सजेस्ट करते है। पूरी संख्या में पर्ची व डाक्टरों के अनुउपलब्ध रहने से मरीज निजी अस्पताल में जांच का रुख करते है। वही अस्पताल प्रबंधन द्वारा दो निजी लैब भी सोनोग्राफी के लिए अधिग्रहित किया जहां पहले से उक्त क्लीनिक में सैकड़ो मरीज मौजूद रहते है। वही लंबी लाइन लगाने के बाद भी नंबर बमुश्किल आता है । इस एवज में मरीज मोटी रकम देकर अन्य लैब का रुख मजबूरी वश कर रहे है।



इस तरह मेडिकल कालेज अस्पताल में रेडियोलजिस्ट डॉक्टर की कमी से मरीजो को कई तरह के समस्या से जूझना पड़ता है। मेडिकल कालेज की स्थापना के बाद से ही यहां मरीजों की सुविधाओं के लिए कई संसाधन में इजाफा हुआ है। वही दूसरी तरफ विडंबना यह रही कि मेडिकल कालेज अस्पताल की स्थापना के बाद सब ही यहां कोई भी स्थाई रेडियोलजिस्ट की भर्ती नही हो पाई। सबसे अधिक समस्या मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती मरीज एवं इलाज के लिए आये गर्भवती महिला को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसका सबसे अधिक प्रभाव गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार को आर्थिक रूप में बोझ पड़ रहा था । जिसमे मोटी फीस अदायगी करना पड़ता था ।

#### स्थाई रेडियोलजिस्ट के लिए पत्राचार रहा बेअसर

मेडिकल कालेज अस्पताल में वर्षो से स्थाई रेडियोलजिस्ट पद में कोई भी डाक्टर की नियुक्ति नहीं है। मरीजों को होने वाली समस्याओं को देखते हुए मेडिकल कालेज प्रबंधन ने इस ओर राज्य स्वास्थ विभाग को ध्यानाकर्षण करते हुए स्थाई रेडियोलजिस्ट की व्यवस्था करने के लिए विभाग द्वारा पत्रचार किया गया था। जिसमे अब तक कोई पहल नही हो पाई है। अब देखना यह होगा कि मेकाहारा में आखिर कब तक स्थाई रेडियोलजिस्ट डाक्टर मिल पाता है।

#### हर वार्ड में सोनोग्राफी मशीन लगाने की कवायद फाइलों में कैद

मेडिकल कालेज को अतिअत्याधुनिक बनाये जाने की कवायद शासन स्तर से किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस ओर शासन का ध्यानाकर्षण किया है। वही मेडिकल कालेज प्रबंधन मेडिकल कालेज अस्पताल के 21 विभाग में सोनोग्राफी मशीन लगाने की पहल 6 माह पूर्व की थी । जिसका मुख्य उद्देश्य मरीजों को किसी तरह कोई दिककत का सामना ना करना पड़े। उक्त पहल को जमीनी स्तर में उतारने के लिए कोई कवायद नही की गई जिससे यह योजना अस्पताल फाइल में कैद रह गई है।

#### सोनोग्राफी के लिए चलता है अलग नियम

मेकाहारा में फूल टाइम के लिए कोई भी डाक्टर उपलब्ध नही है। जिसे देखते हुए निजी डाक्टरों से अनुबंध किया गया है। वही स्थाई तौर पर डाक्टर नही होने से यहां अलग नियम चलता है। जिसमे एक दिन में 30 से अधिक पर्ची ही कटती है।

वह भी तय समय से 12 बजे तक ततपश्चात 1 बजे तक डाक्टर द्वारा मरीजो का सोनोग्राफी किया जाता है। इस दौरान बाकी मरीजो को दूसरे स्थान जाकर सोनोग्राफी करना पड़ता है।

# जंगली सुअर मारने के लिये बिछाये गये विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

### जंगली सुअर के लिये तार लगाने वाले व घटना को छिपाने के मामले में 05 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम राजाआमा में रहने वाला मोहित राम राठिया पिता चमार साय राठिया उम्र 28 वर्ष व राजेश सारथी, सतकुमार मांझी, उजित मांझी 31 दिसम्बर की रात्रि ग्राम ढोरम (घरघोड़ा) से पीकअप वाहन मंगाकर जंगल सागौन का गोला (लकड़ी) चोरी करने गये थे कि घुईबेरा टिकरा, आमापाली के पास जंगल में आगे चल रहे मोहित राम राठिया अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगली सुअर मारने के लिये लगाये गये बिजली करंट में फंसकर वहीं फौत हो गया। मोहित के साथी राजेश सारथी, सतकुमार मांझी, उजित मांझी और पिकअप चालक वहां से डर कर गांव आ गये और किसी को कुछ बताये बिना सभी अपने - अपने घर चले गये। घटना के संबंध में थाना लैलूंगा में मोहित राम राठिया के परिजनों द्वारा गुम इंसान दर्ज कराया गया था, जिसकी जांच दौरान गवाह ने बताया कि ग्राम राजाआमा के श्रीनाथ राउत, अनिल उरांव एवं बोडे उरांव के द्वारा जंगली सुअर मारने के लिये करंट लगाया गया था, पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर श्रीनाथ राउत, अनिल उरांव को बुलाकर पुछताछ करने पर बताये कि घटना 31/12/18 को जंगली सुअर मारने के लिये नंगा तार फैलाकर बिजली के खंभे से जोडकर करंट लगाये थे, जिस करंट में मोहित राम राठिया फंस कर फौत हो गया , मोहित के शव को घटनास्थल से उठाकर 02 किलो मीटर दूर खपराढोढा जंगल राजाआमा में फेकना बताये। दोनों के निशानदेही पर शव को बरामद किया गया। घटना के संबंध में आरोपीगण के विरूद्ध अप.क्र. 06/19 धारा 304,201,34 ता.हि. पंजीबद्ध कर आरोपी (1) श्रीनाथ राउत पिता प्रेमसाय रावत उम्र 27 वर्ष (2) अनिल उरांव पिता सुकुल टोप्पो उम्र 19 वर्ष (3) बोडे बरवा पिता लल्लु बरवा उम्र 59 वर्ष तीनों निवासी राजाआमा (4) सतकुमार मांझी पिता रतन मांझी उम्र 29 वर्ष (5) उजित मांझी पिता रतन मांझी उम्र 27 वर्ष निवासी आमापाली को गिरफ्तार किया गया है । लाल कुमार उरांव को घटना में शामिल होना नहीं पाया गया तथा एक आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

### पानी की टंकी गिरी, ग्रामीण हो रहे परेशान

रायगढ़ (आरएनएस)। धरमजायगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्रामपंचायत बायसी के मेंढरमार मोहल्ले में 75000 रुपए की लागत से बनी पानी टंकी साल भर के भीतर गिर गई। इससे टंकी के निर्माण कार्य की गुड़वत्ता पर सवाल उठ रहा है। बता दें टंकी को पंचायत मद लगवाया गया था। इस बारे में ग्रामवासियों की माने तो पंचायत की राशि से स्थापित पानी टंकी में सरकारी राशि का खुलकर बंदरबाट हुआ है।

# सट्टा- पट्टी व नगदी 1260 रूपये के साथ युवक गिरफ्तार

रायगढ़। 5 जनवरी को पुलिस चौकी खरसिया में पदस्थ प्रधान आरक्षक चित्रांगद चन्द्रा व हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर खरसिया गंज पीछे रोड के पास कैलाश अग्रवाल उर्फ कल्लू उम्र 55 वर्ष निवासी स्टेशन रोड को गवाहों के समक्ष सट्टा पट्टी लिखते रेड कर पकड़े। आरोपी से सट्टा पट्टी नगदी रकम 1260/- रूपये जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 12/19 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480